## हादसे में सात जने घायल

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम नाथूसर के पास नांगल मोड़ पर श्रद्धालुओं की दो गाड़ियों सहित एक बाइक की भिंड़त में 7 लोग घायल हो गए। वहीं हादसे में एक नन्ही बच्ची व उसके पिता आशीष को खरोंच भी नहीं आई ।

जानकारी के अनुसार श्रीमाधोपुर अजीतगढ़ मार्ग पर नांगल मोड के पास एक गाड़ी में सवार दिल्ली निवासी हनी ,सरिता, मनोज तथा सुमन जो खाटू श्याम जी दर्शन कर वापस दिल्ली के लिए जा रहे थे ।वहीं सामने से आ रही एक और गाड़ी जिसमें गाजियाबाद मुजफ्फरनगर निवासी राखी तथा उसके पति आशीष व एक छोटी बच्ची जो की खाटू श्याम जी दर्शन के लिए आ रहे थे तथा नाथूसर से नंदाराम तथा मऊ निवासी कजोड़मल जो बाइक से श्रीमाधोपुर आ रहे थे, रास्ते में अचानक दोनों मारुति गाड़ियों की भिड़ंत के बाद बाइक भी चपेट में आ गई। जिससे दोनों वाहनों का आगे का हिस्सा चकनाचूर हो गया । हादसे में कुल 7 लोग घायल हो गए। जिन्हें आसपास के लोगों ने निजी वाहन से सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां से बाईक सवार नंदाराम की हालत गंभीर होने पर जयपुर रैफर किया गया है। अन्य घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है।

# गौ सेवकों ने पिकअप से पांच गौवंश को मुक्त कराया

■ अंधेरे का फायदा उठाकर चालक फरार, मामला दर्ज

**चौरु/उनियारा/टोंक, (निसं)।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 116 टोंक सवाईमाधोपुर मार्ग पर शुक्रवार देर रात्रि को ककोड से नयाग्राम के बीच गौ तस्करी के लिए ले जाए जा रहे पांच गौवत्सो को गौ सेवकों ने पिकअप का पीछा कर तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया।

इस दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर पिकअप चालक पिकअप को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पिकअप को पुलिस द्वारा जप्त कर गौवंश की तस्करी करने पर गौसेवक द्वारा बनेठा पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस में मामला दर्ज करवाते हुए कल्याणपुरा निवासी मानसिंह मीणा पुत्र सत्यनारायण मीणा ने बताया कि शुक्रवार रात्रि को हंसराज माली, हेमराज मीणा, शिवराज सैनी एवं खुशीराम सैनी निवासी ककोड के साथ नया गांव की तरफ लगभग साढ़े बारह बजे जा रहे थे । इस दौरान नहर के पास मोडू लाल मीणा के मकान के पीछे की ओर अंधेरे में एक पिकअप खड़ी हुई दिखाई दी। इसके बाद मौके पर जाकर देखा तो अंधेरे का फायदा उठाते हुए युवकों के पहुंचने पर पिकअप का चालक फरार होने में कामयाब हो गया। उन्होंने पिकअप के पीछे देखा तो पिकअप के अंदर पांच गौवंश बछड़े भरे हुए थे। आसपास में पिकअप चालक को काफी ढूंढने का प्रयास किया परंतु कामयाबी नहीं मिली।

इस दौरान ककोड़ पुलिस चौकी को भी सूचना दी गई। इसके पश्चात उक्त गौवंश को पिकअप से मुक्त कर आजाद हिंद गौशाला ककोड़ में लाकर सुरक्षित सुपुर्द कर दिया गया। वहीं पिकअप को ककोड़ चौकी पुलिस द्वारा जब्त कर ली गई। गौ सेवक मानसिंह मीणा ने बताया कि इस मामले में पिकअप चालक के विरुद्ध गौवंश की तस्करी करने का मामला बनेठा पुलिस थाने में दर्ज कराया गया है।



गौ सेवकों ने तस्करों से गौवंश को मुक्त कराया।

## घटिया निर्माण को तुड़वाया

**निवाई, (निसं)।** सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सिंदरा से भंवर सागर सड़क पर चल रहे पुलिया निर्माण कार्य का ग्रामीणों की शिकायत पर अधिशाषी अभियंता पिंटू मीणा ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान करवाया जा रहा कार्य संतोषजनक नहीं मिला जिसको देखकर अधिशाषी अभियंता नाराज हो गए। अधिशाषी अभियंता ने पुलिया निर्माण कार्य को रुकवाया एवं मौके पर ही जेसीबी मशीन मंगवा कर घटिया निर्माण को तुड़वा दिया। पिछले दिनों ग्रामीणों द्वारा मैसर्स पुरुषोत्तम शर्मा द्वारा पुलिया निर्माण कार्य में घटिया निर्माण की शिकायत उपखंड अधिकारी निवाई को की थी जिस पर एसडीएम ने अधिशाषी अभियंता को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए थे। पिंटू मीणा शनिवार को पुलिया निर्माण कार्य की जांच करने पहुंचे वहां पर मौजूद कनिष्ठ अभियंता लोकेश शर्मा से किए जा रहे हैं कार्य की जानकारी ली।

जिस पर कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया। मीणा ने कनिष्ठ अभियंता को तुरंत जेसीबी मशीन मंगवाने के निर्देश दिए और उक्त कार्य को तुड़वाया गया। साथ ही उन्होंने कनिष्ठ अभियंता शर्मा को कार्य गुणवत्तापूर्ण करवाने के लिए पाबंद किया।

## सार-समाचार

### विधायक ने अधिकारियों से की चर्चा



**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्टर कार्यालय में नवनिर्वाचित विधायक हंसराज पटेल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा समेत विभिन्न बिन्दुओं को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान पटेल ने केन्द्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा समेत बिजली, पानी व कानून व्यवस्था को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों से विस्तृत चर्चा भी की। विधायक पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को बिजली की समस्या से निजात दिलवाने को लेकर हरसम्भव कार्य करेगी। जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हर घर बिजली पहुंचाने का सपना साकार होगा। बैठक में बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत, जिला कलेक्टर शुभम चौधरी, एसपी रंजीता शर्मा, एडीएम योगेश कुमार व एएसपी नेमसिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

### राशन डीलर से मारपीट का मामला दर्ज

**बौंली, (निसं)।** क्षेत्र के मलारना डूंगर थाना अंतर्गत शेषा गांव के उचित मूल्य दुकान के डीलर लक्ष्मी चंद मीणा निवासी दिवाड़ा ने मलारना डूंगर थाने में मेघराज मीणा निवासी दिवाड़ा सहित अन्य तीन-चार लोगों के खिलाफ मारपीट कर पोस मशीन व गेहूं के कट्टे उठाकर ले जाने का मामला दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट में बताया गया है कि शेषा गांव में उचित मूल्य की दुकान पर गेहूं वितरण के दौरान आरोपी मेघराज मीणा निवासी दिवाड़ा व अन्य तीन-चार लोग शराब पीकर आए व गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी एवं जबरन पोस मशीन छीनकर लेकर एवं जाते वक्त गेहूं के कट्टे भी उठा लेंगए और अन्य लोगों के रखे हुए राशन भी फाड़ दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** लोकदल के संस्थापक तथा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री रहे चौधरी चरण सिंह की 121 वीं जयंती मनाई गई। जिसमें उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते याद किया गया। वहीं कार्यक्रम में किसान नेता बस्तीराम यादव ने बताया कि चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा थे जिन्होंने कहा था कि देश की उन्नित और तरक्की का रास्ता गांवों और खेत खलिहानों से गुजरता है। वहीं यूपी के 2 बार मुख्यमंत्री भी रहे तथा भारत के प्रधानमंत्री भी बने व लोकदल के संस्थापक थे।

### नोशीन बेग को पीएचडी

**टोंक, (निसं) ।** डॉ. नोशीन बेग को रसायन विज्ञान में पीएचडी की डिग्री एवं युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उनके शोध का शीर्षक कॉपर हैलाइड्स के साथ एन- हेट्रोसाइक्लिक कार्बन के नए समन्वय यौगिकों का संश्लेषण, लक्षण वर्णन एवं अनुप्रयोग है।

## सुबोध कॉलेज ने फाइनल मुकाबला जीता

**सांभरझील, (निसं)।** राजकीय शाकंभर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय खोखो प्रतियोगिता के समापन समारोह का आयोजन महाविद्यालय के स्पोर्ट्स ग्राउंड पर हुआ। कार्यक्रम के समापन समारोह में फाइनल मुकाबले में सुबोध कॉलेज टीम ने शाकंभर कॉलेज टीम को कड़े मुकाबले में मात देकर जीत का परचम लहराया। टूर्नामेंट में राजस्थान विश्वविद्यालय से कैलाश शर्मा पर्यवेक्षक के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाई। कार्यक्रम के अंत में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ डीसी डूडी द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## आज 2 घंटे बंद रहेगी बिजली

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कनिष्ट अभियंता संदीप द्विवेदी ने बताया कि 132 केवी जीएसएस मेंटेनेंस के चलते रविवार सुबह 7 बजे से 9 बजे तक 132केवी जीएसएस से निकलने वाले, 11 केवी लाइन सिटी,औधोगिक क्षेत्र, व भारणी जिसमें जालपाली गांव ,गुरूजी मोटर्स, रीको, राजस्थान स्कूल की सुबह दो घंटे बिजली बंद रहेगी।

## लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिया

**चौमूं / कालाडेरा, ( निसं )** शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर का चौमूं उपखण्ड की ग्राम पंचायत कालाडेरा में आयोजित किया गया। शिविर में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने पहुंचकर लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ गोविन्दगढ पंचायत समिति के सभी पंचायतों में पहुंचकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार की गारंटियों और योजनाओं का जन-जन तक पहुंचायेगा।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, प्रधान रामस्वरूप यादव और तहसीलदार सुभाष चंद्र शर्मा द्वारा 51 परिवारों को उज्जवला योजना का लाभ दिया गया। शिविर में आयुष्मान भारत कार्ड 45,संकल्प लिया 715, माई भारत एप्प पर रजिस्ट्रेशन 301, दवा वितरण 176 और किसान क्रेडिट 17 को लाभ दिया गया। कार्यक्रम में सरपंच अशोक कुमार शर्मा ने अतिथियों का माला एवं साफ़ा पहनाकर स्वागत किया गया।

उन्होंने बताया कि केन्द्रीय योजनाओं में आयुष्मान भारत, ग़रीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अंत्योदय योजना, पीएम आवास, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, किसान सम्मान किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जन धन, जीवन ज्योति बीमा योजन, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम व नेनों फर्टिलाइजर योजनाओं के बारे में आमजन को जागरूक कर पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाएगा।

# पति की हत्या की दोषी पत्नी सहित चार को उम्रकैद की सजा

**दौसा, (निसं)।** जिले के बांदीकुई उपखंड क्षेत्र के बसवा थाना इलाके की ध्यावणा ढाणी के रहने वाली पति से परेशान पत्नी ने सुपारी देकर हत्या करने में दोषी पाए जाने पर दोषी पत्नी समेत उसके तीन अन्य साथियों को न्यायालय द्वारा उम्र कैद की सजा सुनाई गई।

घर के झगड़ों से परेशान होकर पत्नी ने 8 हजार रुपए में अपने रिश्ते के तीन भतीजों को पति की हत्या की सुपारी दी थी। मामला 8 साल पुराना है, जिसमें शुक्रवार को दोषी पत्नी और उसके 3 भतीजों को उम्र कैद की सजा सुनाई गई। ओमप्रकाश उर्फ भोमा मीणा निवासी ध्यावणा की ढाणी बसवा ने बसवा थाने में मामला दर्ज कराया था कि 16 सितंबर 2016 को उसका भाई सुखराम शाम 4 बजे तक घर पर था। इसके बाद कहीं चला गया था। इस दौरान भाई का लड़का पेट्रोल लेने गया था।

जिसने रास्ते में नाले के एनिकट के पास एक लड़के का शव पड़ा हुआ देखा व मौके पर पहुंचे तो पता चला शव भाई सुखराम का था।

इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले की जांच कर मृतक सुखराम की पत्नी रसाल देवी एवं रसाल देवी के रिश्ते में भतीजे लगने वाले अजय उर्फ अजीत मीणा, आशीष मीणा, अमित कुमार मीणा निवासी धनपाल की ढाणी गुल्लाना के खिलाफ हत्या का अपराध प्रमाणित कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। इस मामले में अदालत में अभियोजन पक्ष की ओर से 25 गवाह व 90 दस्तावेज पेश किए गए। मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या दो सुनील कुमार गुप्ता ने इस मामले में आरोपी मृतक की पत्नी रसाल देवी, अजय उर्फ अजीत, आशीष व अमित को मृतक सुखराम की हत्या का दोषी मानते हुए चारों को उम्र कैद सहित दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

## विशाल वाहन रैली का आयोजन होगा

**फुलेरा, (निसं)।** अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को हो रही श्रीराम मन्दिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह लेकर नगर में तैयारियां जोर शोर पर चल रही हैं।

मुख्य समिति के मीडिया प्रभारी योगेन्द्र गहलोत ने बताया कि अयोध्या से आये अक्षत (पीले चावल) को 22 दिसम्बर को श्रीरामनगर स्थित लीलाधर जी की बगीची लाये गये हैं। इसी क्रम में आगे बताया कि बालाजी की बगीची से रविवार को दोपहर 1:15 बजे रामधुन और राम झांकी के साथ वाहन यात्रा अयोध्या से आए अक्षत (पीले चावल) का नगर भ्रमण के लिए विशाल वाहन यात्रा प्रारंभ होगी।

## ‘शिविरों में मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं’

**खैरथल, (निसं)।** जिला कलेक्टर हनुमान ढाका ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीणों को केंद्र सरकार की गरीब कल्याणकारी योजनाओं में लाभ लेने से वंचित रह रहे लोगों को जागरूक करने के साथ योजनाओं से उन्हें जोडकर लाभान्वित किया जा रहा है।

पूर्व विधायक रामहेत यादव ने कहा अब राजस्थान में भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से गरीब और किसान कल्याण के लिए शुरू की गई हर योजना का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को मिलेगा। यादव ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि विकसित भारत यात्रा कैंप में पहुंचकर केंद्र सरकार की योजनाओं के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करा कर लाभ लेवें। यादव ने कहा केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ देने में अगर कोई अधिकारी कार्मिक बेवजह परेशान करता है तो उच्च अधिकारियों से शिकायत करें फिर भी अगर समाधान नहीं हो तो मुझे सीधे बताएं । जिला नोडल अधिकारी दीनबंधु सुरोलिया ने बताया शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कोटकासिम पंचायत समिति की ग्राम पंचायत खानपुर अहीर व तिगांवा, तिजारा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत फखरुद्दीनका व जोड़ियां मेव में पहुंची जहां कैंप आयोजित कर भारत सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर ग्रामीणों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

# योजनाओं को हर गरीब परिवार तक पहुंचाना है : रामविलास

**लालसोट/रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के गोपालपुर एवं कवास ग्राम पंचायत में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर को संबोधित करते हुए लालसोट विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामविलास मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत की परिकल्पना को धरातल पर पूरी तरह मूल रूप देने के लिए सभी का साथ होना जरूरी है। अगर इस परिकल्पना को साकार करने के लिए सभी ने साथ दिया तो निश्चित तौर पर जो बदलाव आएगा वह विकसित भारत बनने की परिकल्पना का ही होगा।



भारत संकल्प यात्रा शिविर में विधायक रामविलास मीणा की मौजूदगी में नैनो टैक्नोलॉजी से दवा छिड़काव की जानकारी दी।

विकसित भारत संकल्प रथयात्रा शुक्रवार को राहुवास तहसील के गोपालपुरा एवं कालुवास पंचायत मुख्यालयों पर पहुंची। जहां भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि लालसोट विधायक रामबिलास डूंगरपुर ने उपस्थित लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है हर वंचित परिवार को रहने के लिए पक्का मकान, स्वच्छ शौचालय, महिलाओं को धूंआ से बचने के लिए रसोई गैस सिलेंडर आदि कई जनकल्याणकारी योजनाओं को हर गरीब परिवारों तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में गोपालपुरा सरपंच कृष्णा मीणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष लड्डू राम मीणा, ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष हनुमान मीणा, रामबिलास शर्मा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रामकिशन दंगा, लक्ष्मीनारायण ठेकेदार, रामखिलाड़ी पायलेट, रामकेश जालम, रामोतार ग्राम विकास अधिकारी, यश गुप्ता सहायक कनिष्ठ बाबूलाल गुर्जर रामगढ़ पचवारा उपखंड अधिकारी वर्षा मीणा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष उपस्थित रहे। कृषि विभाग के द्वारा किसानों को नैनो टेक्नोलॉजी से दवा छिड़काव के बारे में बताया गया। साथ ही विधायक की मौजूदगी में ग्रामीण किसानों को ड्रोन से दवा छिड़कने का डेमोंसट्रेशन भी किया गया।

